पटपड़ा–मोरडोंगरी सड़क की बदहाली पर अंकुश जायसवाल ने जताई नाराजगी, मरम्मत की मांग



उमरेठ। परासिया अनुविभागीय अंतर्गत पटपड़ा से मोरडोंगरी तक जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर भाजपा मंडल महामंत्री एवं पूर्व सरपंच अंकुश जायसवाल ने संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। अंकुश जायसवाल ने सड़क की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि खराब सड़क के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। सड़क की समय पर मरम्मत नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने संबंधित विभाग से मार्ग का निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। अंकुश जायसवाल ने चेतावनी दी कि आम जनता की सुरक्षा से जुड़े इस मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो सड़क की समस्या को संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। पटपड़ा–मोरडोंगरी मार्ग क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में सड़क की बदहाली दूर करने के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग ग्रामीणों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सड़क का निरीक्षण और मरम्मत कार्य कब शुरू करता है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भेंट किए उपहार



बिछुआ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।विकासखंड के 39 चयनित बच्चों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम को क्रमशः शशैलेश चोपड़े एवं प्रियवर सिंह ठाकुर ने संबोधित किया एवं बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में शासन की चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े, नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े,उपाध्यक्ष मंगलेश दूबे,जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रामसिंह पटेल, पार्षद सभापति द्वय श्रीमती झीटो बाई धुर्वे, अनिल कुर्मी, वरिष्ठ नेता साहेबराव गाकरे, रजत वानखेड़े, बीईओ अहिरवार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत इमलीखेड़ा चौक पर पौधारोपण, सांसद सहित भाजपा नेता रहे मौजूद

छिंदवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान 2026 #सेवा मेरा योगदान# के अंतर्गत आज इमलीखेड़ा चौक स्थित नवीन फायर स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में #सेवा मेरा योगदान# अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।इस अवसर पर नवीन फायर स्टेशन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए।

भैंसादंड में 70 वर्षों से चली आ रही मस्कारा गणेश उत्सव की परंपरा, विशाल इनामी दंगल का आयोजन



छिंदवाड़ा। ग्राम पंचायत भैंसादंड में पिछले 70 वर्षों से मस्कारा गणेश उत्सव की परंपरा निरंतर चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्सव के अवसर पर 9 अक्टूबर, शुक्रवार को विशाल इनामी दंगल आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला गोली समाज के अध्यक्ष विनोद यदुवंशी एवं अजय सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों की उपस्थिति में दंगल का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।दंगल में पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना की ओर से शेर-ए-ढंगल के लिए 15,001 रुपये की राशि प्रदान की गई। वहीं, जिला गोली समाज के अध्यक्ष विनोद यदुवंशी की ओर से 11,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। इनामी राशि से पहलवानों का उत्साह बढ़ा और प्रतियोगिता में रोमांच देखने को मिला।दंगल दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक चला। इस दौरान पहलवानों ने अपने कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति ने क्षेत्र एवं आसपास के सभी पहलवानों और कुश्ती प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल एवं यादगार बनाने में सहयोग देने की अपील की।कार्यक्रम के आयोजन में जिला गोली समाज के महामंत्री संतकुमार यदुवंशी, अध्यक्ष श्याम यदुवंशी, उपाध्यक्ष नंदा यदुवंशी, कोसा अध्यक्ष पिंकी यदुवंशी सहित भैंसादंड दंगल समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के सहयोग से 70 वर्षों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दंगल का आयोजन किया गया।

गुरैया जैविक हाट में सब्जियों की आवक बढ़ी, एक घंटे में बिक रही किसानों की उपज



छिंदवाड़ा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुरैया सब्जी मंडी में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले जैविक हाट में किसानों की भागीदारी और सब्जियों की आवक में लगातार वृद्धि हो रही है। रबी सीजन की शुरुआत के साथ ही खेतों में सब्जियों का उत्पादन बढ़ने लगा है, जिसका असर अब जैविक हाट में भी दिखाई देने लगा है।जैविक हाट में स्थानीय किसानों द्वारा ताजी एवं प्राकृतिक तरीके से उत्पादित सब्जियां बिक्री के लिए लाई जा रही हैं। हाट में सब्जियों की मांग इतनी अच्छी है कि कई किसानों की पूरी सब्जी महज एक घंटे में ही बिक जा रही है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए अच्छा बाजार मिल रहा है, वहीं शहरवासियों को भी ताजी सब्जियां खरीदने का अवसर मिल रहा है।रबी सीजन में सब्जियों की आवक बढ़ने से आने वाले समय में जैविक हाट में सब्जियों की विविधता और उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। किसान भिंडी, लौकी, पालक, धनिया, बैंगन, मिर्च सहित विभिन्न प्रकार की मौसमी सब्जियां लेकर हाट में पहुंच रहे हैं।जैविक हाट का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के विक्रय के लिए सीधा बाजार उपलब्ध कराना तथा शहरवासियों को ताजी एवं प्राकृतिक रूप से उत्पादित सब्जियां उपलब्ध कराना है। इस पहल से किसानों को अपनी उपज बेचने का सुविधाजनक माध्यम मिल रहा है और उपभोक्ताओं का भी जैविक हाट के प्रति रुझान बढ़ रहा है।

सात साल से अटके 38 लाख, 17 परिवारों को संबल का इंतजार

जुन्नारदेव में संबल योजना के स्वीकृत प्रकरणों पर सवाल, जनपद अध्यक्ष सविता बोसम ने दिया 30 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

संकट की घड़ी में गरीब परिवारों को आर्थिक सहारा देने वाली संबल योजना जुन्नारदेव में सवालों के घेरे में है। आरोप है कि वर्ष 2018-19 के दौरान स्वीकृत 17 प्रकरणों में करीब 38 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सात साल बीतने के बाद भी हितग्राही परिवारों को नहीं मिली है। लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे इन परिवारों का मामला अब जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता अशोक बोसम ने उठाया है। उन्होंने शासन और प्रशासन से लंबित राशि का भुगतान कराने तथा कथित अनियमितताओं की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।जनपद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, श्रम विभाग के प्रमुख सचिव, संभाग आयुक्त और कलेक्टर छिंदवाड़ा सहित संबंधित अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा गरीब और आदिवासी परिवारों



को नहीं भुगतना चाहिए। यदि प्रकरण नियमानुसार स्वीकृत हैं, तो भुगतान में हो रही देरी का कारण स्पष्ट कर समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए।

सात साल में नहीं हुआ भुगतान, बदलते रहे अधिकारी

जनपद अध्यक्ष की ओर से उठाए गए मामले के अनुसार, संबल योजना के तहत वर्ष 2018-19 में असंगठित श्रमिकों की मृत्यु से संबंधित 17 प्रकरणों के ऑनलाइन स्वीकृति आदेश जारी हुए थे। इसके बावजूद करीब 38 लाख रुपये की सहायता राशि का भुगतान लंबित बताया जा रहा है। आरोप है कि इस अवधि में जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का बदलाव होता रहा, लेकिन प्रकरणों का निराकरण नहीं हो सका। दावा किया गया है कि तीन सीईओ बदलने के बाद भी परिवारों को राहत नहीं मिली।

हितग्राहियों के लगातार कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद भुगतान नहीं होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।यदि प्रकरणों की स्वीकृति हो चुकी थी, तो राशि किस स्तर पर अटकी रही? क्या आवंटन की कमी थी या दस्तावेजों में कोई आपत्ति थी? इन सवालों का जवाब संबंधित विभाग को देना चाहिए। सात साल की देरी के लिए

मृत श्रमिकों को बताया मौके पर अनुपस्थित

मामले में सबसे गंभीर आरोप भौतिक सत्यापन से जुड़ा है। जनपद अध्यक्ष के अनुसार, सत्यापन के दौरान कुछ मृत श्रमिकों को मौके पर अनुपस्थित दर्शाकर अपात्र कर दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए गए हैं कि मृत्यु से संबंधित प्रकरणों में सत्यापन किस आधार पर किया गया और संबंधित अभिलेखों की जांच किस तरह हुई।संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता के मामलों में श्रमिक की मृत्यु, पात्रता और परिवार से जुड़े दस्तावेजों का परीक्षण महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यदि किसी मृत श्रमिक को मौके पर अनुपस्थित बताकर प्रकरण अपात्र किया गया, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।सत्यापन दल ने क्या मृत्यु प्रमाणपत्र और अन्य अभिलेख देखे थे? क्या परिवार के सदस्यों से संपर्क किया गया? क्या पहले से जारी स्वीकृति आदेशों की समीक्षा की गई? इन सवालों का जवाब जांच रिपोर्ट और मूल दस्तावेजों से ही सामने आ सकता है।जनपद अध्यक्ष का आरोप है कि सत्यापन में हुई कथित लापरवाही के कारण गरीब परिवार सहायता से वंचित रह गए। यदि जांच में यह आरोप सही पाया जाता है, तो संबंधित कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

मृत्यु और स्वीकृति की तारीखों में अंतर

श्रम अधिकारी छिंदवाड़ा को संबोधित शासकीय पत्र क्रमांक 2614/2023 के संदर्भ में भी दस्तावेजों पर सवाल उठाए गए हैं। जनपद अध्यक्ष की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सूची में कुछ प्रकरणों की मृत्यु और स्वीकृति की तारीखों में अंतर दिखाई देता है।पहले मामले में ग्राम मनकूघाटी की स्वर्गीय श्रीमती बिस्तारिया शीलू की मृत्यु 3 अक्टूबर 2019 को होना बताया गया है, जबकि सहायता राशि की स्वीकृति 24 फरवरी 2019 दर्ज होने का दावा है। यानी दर्ज तारीख के अनुसार स्वीकृति मृत्यु से लगभग आठ महीने पहले हुई।दूसरे मामले में ग्राम इकलासानी की स्वर्गीय रकन्सा कुमरे की मृत्यु 22 अगस्त 2019 बताई गई है, जबकि स्वीकृति की तारीख 21 अगस्त 2019 दर्ज होने की बात कही गई है।इन तारीखों के अंतर को लेकर दस्तावेजों की जांच की मांग की गई है। यह पता लगाना जरूरी है कि ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज जानकारी सही है या नहीं और स्वीकृति आदेश वास्तव में कब जारी हुए। मूल अभिलेखों, पोर्टल रिकॉर्ड और संबंधित अधिकारियों के स्पष्टीकरण के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। केवल तारीखों में अंतर से फर्जीवाड़ा प्रमाणित नहीं होता, लेकिन विसंगतियों की जांच आवश्यक है।

अपील का हवाला देकर भुगतान रोकने पर सवाल

जनपद अध्यक्ष ने यह भी सवाल उठाया है कि पहले से स्वीकृत बताए जा रहे प्रकरणों में अब अपील की प्रक्रिया का हवाला देकर भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। उनका कहना है कि विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि भुगतान रोकने का आधार क्या है और प्रकरणों के निराकरण में कौन-सी बाधा आ रही है।यदि किसी मामले में पात्रता या दस्तावेजों को लेकर आपत्ति है, तो उसका वैधानिक आधार हितग्राही परिवारों को बताया जाना चाहिए। वहीं, यदि भुगतान में कोई कानूनी बाधा नहीं है, तो संबंधित विभाग को लंबित प्रक्रिया पूरी कर राशि जारी करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

30 दिन का अल्टीमेटम, 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान की मांग

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता अशोक बोसम ने प्रशासन को 30 दिनों के भीतर करीब 38 लाख रुपये की लंबित सहायता राशि का 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने यह भी मांग की है कि दस्तावेजों में कथित गड़बड़ी और सत्यापन में लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।उनकी मांग है कि यदि राशि के भुगतान के लिए विशेष आवंटन की आवश्यकता है, तो शासन स्तर से तत्काल व्यवस्था की जाए। सात साल से प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को अब और इंतजार नहीं कराया जाना चाहिए। ब्याज सहित भुगतान के संबंध में शासन को लागू नियमों और कानूनी प्रावधानों के आधार पर निर्णय लेना होगा।

हाईकोर्ट, ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त जाने की चेतावनी

जनपद अध्यक्ष ने कहा है कि यदि निर्धारित समय में उचित कार्रवाई नहीं होती, तो वे पीड़ित परिवारों के साथ कानूनी लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की बात कही है। इसके अलावा, मामले को राज्य मानव अधिकार आयोग के समक्ष उठाने तथा कथित वित्तीय अनियमितताओं और दस्तावेजों में गड़बड़ी की जांच के लिए आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) और लोकायुक्त में शिकायत करने की चेतावनी दी है।उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीब परिवारों को उनका हक दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। हालांकि, किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी और किसी संभावित अनियमितता की पुष्टि निष्पक्ष जांच तथा सक्षम प्राधिकारी के निष्कर्षों के आधार पर ही होगी।

आधुनिक खेती से युवा किसान संदीप ने लिखी समृद्धि की नई कहानी

हरिभूमि न्यूज, छिन्दवाड़ा। परंपरागत खेती से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीक को अपनाने का निर्णय किसी किसान की आर्थिक स्थिति को किस तरह बदल सकता है, इसकी मिसाल हैं छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम उमरेठ निवासी युवा कृषक श्री संदीप पवार। वैज्ञानिक पद्धति, ड्रिप सिंचाई और उद्यानिकी फसलों के बेहतर प्रबंधन के माध्यम से उन्होंने खेती को लाभ का माध्यम बनाया है। हरी मिर्च, करेला और शिमला मिर्च की खेती से इस वर्ष उन्होंने 24.75 लाख रुपये की कुल आय प्राप्त की, जिसमें उत्पादन लागत निकालने के बाद 13.25 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। उनकी सफलता बताती है कि सही तकनीक और बेहतर फसल प्रबंधन के साथ खेती को आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बनाया जा सकता है। ग्राम उमरेठ के कृषक श्री संदीप पवार के पास कुल 6.504 हेक्टेयर कृषि भूमि है। पहले वे परंपरागत तरीके से खेती करते थे, जिससे उत्पादन और आय सीमित रहती थी। सिंचाई के लिए नलकूप उपलब्ध होने के बावजूद पानी का अधिक उपयोग करना पड़ता था। खेती में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 2011-12 में उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 70 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की। ड्रिप सिंचाई अपनाने के बाद उन्होंने उन्नत बीज, संतुलित उर्वरकों और वैज्ञानिक फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया। इस तकनीक से पौधों को आवश्यकता के अनुसार पानी और पोषक तत्व मिलने लगे। परिणामस्वरूप पानी के उपयोग में बचत के साथ फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में भी सुधार हुआ। उद्यानिकी विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और शासकीय योजना के सहयोग ने उनकी खेती को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

24 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान और सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन की श्रृंखला में भाजपा सांवरी मंडल 2 की ग्राम पंचायत लोहांगी में 24 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 302 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 159 महिलाओं व बालिकाओं और 143 पुरूषों व युवाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। वहीं 02 गंभीर मरीज को छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने लोहांगी में 24 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि गांवों के विकास के लिए भाजपा सरकार कृतसंकल्पित है।

जल संरक्षण के दावों के बीच तामिया के सांदीपनि स्कूल में उजाड़ दिए पेयजल स्रोत

पहले खेल मैदान के पास कुएं को दफनाया, दूसरी बार पानी की टंकी ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

केंद्र और प्रदेश सरकार जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तालाबों, पोखरों और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण के साथ जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक पेयजल पहुंचाने के प्रयास कर रही हैं। इसके विपरीत तामिया के सांदीपनि स्कूल परिसर में निर्माण कार्यों के दौरान पुराने पेयजल स्रोतों को नष्ट किए जाने का मामला सामने आया है। परिसर में पहले खेल मैदान के पास स्थित वर्षों पुराने कुएं को दफन किए जाने और अब पेयजल आपूर्ति करने वाली पानी की टंकी को ध्वस्त किए जाने को लेकर संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।









निर्माण की भेंट चढ़े पुराने जल स्रोत

सांदीपनि स्कूल परिसर में पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा पहले स्कूल भवन का निर्माण कराया गया। इसके बाद गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। आरोप है कि निर्माण कार्य की योजना और एस्टीमेट तैयार करते समय परिसर में मौजूद पुराने पेयजल स्रोतों की स्थिति का उचित आकलन नहीं किया गया। जब धरातल पर निर्माण कार्य शुरू हुआ तो वर्षों पुरानी पेयजल टंकी निर्माण के रास्ते में बाधा बनने लगी। इसके बाद टंकी को ध्वस्त कर निर्माण कार्य आगे बढ़ा दिया गया।इस मामले में पुलिस हाउसिंग बोर्ड और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान पेयजल स्रोत को सुरक्षित रखने के विकल्प पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। हालांकि, इस मामले में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

पहले कुएं को दफनाने का मामला आया था सामने

सांदीपनि स्कूल परिसर में जल स्रोतों को नुकसान पहुंचाने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले स्कूल भवन निर्माण के दौरान खेल मैदान के पास स्थित वर्षों पुराने कुएं को अनावश्यक रूप से दफन किए जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित किया गया था।

पंचायत सचिव ने लिखा था पत्र, दो साल बाद भी कार्रवाई का इंतजार

जानकारी के अनुसार, पेयजल टंकी के मामले में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा तत्कालीन तहसीलदार तामिया और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन आरोप है कि करीब दो वर्ष बीतने के बाद भी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे शिकायतों के निराकरण और जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।जल संरक्षण की शिक्षा देने वाले संस्थान में ही अनदेखीस्कूलों में विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की शिक्षा दी जाती है। ऐसे में शैक्षणिक परिसर में वर्षों पुराने कुएं और पेयजल टंकी को नष्ट किए जाने का मामला गंभीर चिंता का विषय है। सवाल यह भी है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले परिसर में मौजूद जल स्रोतों का सर्वे क्यों नहीं कराया गया और उनके संरक्षण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार क्यों नहीं किया गया।वहीं, पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा मामले को स्कूल प्रबंधन से जुड़ा बताकर जिम्मेदारी से अलग रहने की बात भी सामने आती रही है। जबकि पेयजल टंकी की जिम्मेदारी और उसे ध्वस्त करने की अनुमति से जुड़े तथ्यों की जांच आवश्यक है।

लोकतंत्र को बचाने कांग्रेस का पैदल मार्च एवं पुतला दहन

विधायक के नेतृत्व में प्रदर्शन, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे अथवा बर्खास्तगी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



लोकतंत्र की रक्षा एवं निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था की मांग को लेकर शनिवार को तामिया में कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विधायक सुनील उईके, छिंदी परीवेक्षक जमील खान, तामिया पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी, तामिया ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, एवं छिंदी ब्लॉक अध्यक्ष समेत उईके के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया एवं छिंदी तथा अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से पुलिस थाना तामिया तक पैदल मार्च निकाला।पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, पूर्व सांसद श्री नकुलनाथ एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस थाने के समक्ष भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन कर राष्ट्रगान गाया गया।

इसके पश्चात मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे अथवा बर्खास्तगी की मांग की गई।कॉंग्रेस के पैदल मार्च में सम्मिलित कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओ को सम्बोधित करते हुए जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं।

श्री रामलीला का आगाज आज से

जुन्नारदेव। नगर की ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर श्री रामलीला का मंचन रविवार 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। श्री रामलीला समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि 8:30 बजे आरती उपरांत 9:00 बजे से श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा।

99 वर्ष पूर्ण कर चुकी श्री रामलीला इस वर्ष 100वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। श्री रामलीला मंचन के दौरान आकर्षक लाइटिंग, साउंड सिस्टम के साथ किरदारों का समावेश विशेष आकर्षण रहेगा। इसके अतिरिक्त श्री रामलीला समिति द्वारा इस वर्ष दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। 11 अक्टूबर को प्रार्थना, किरीट पूजन उपरांत नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा।

संचालक पर लोहे की रॉड से हमला, मौके पर पहुंचे एसपी एवं एडिशनल एसपी

सनसनीखेज वारदात: विनय ज्वेलर्स में डकैतों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

शहर के गणेश वार्ड स्थित गुजरी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। यहां गुजरी बाजार के विनय ज्वेलर्स शॉप में हथियारबंद बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया। डकैतों ने दुकान के सीसीटीवी कैमरे के तार काटने के बाद ताला तोडकर करीब 160 ग्राम सोने के आभूषण व चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।

इस दौरान दुकान संचालक राजेश खरवड़े ने साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का मुकाबला किया, लेकिन डकैतों ने लोहे की रॉड से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। राजेश खरवडे को



नागपुर रेफर किया गया है, जहां वे आईसीयू में भर्ती हैं। नवागत एसपी विदिता धनखड और एडिशनल एसपी मनकामना प्रसाद ने मौका ए वारदात का मुआयना कर डकैती प्रभावित परिवार से चर्चा की।

जानकारी के अनुसार, करीब छह बदमाश बाइक पर सवार होकर आए थे। इनमें से तीन बदमाश दुकान के अंदर घुसे, जबकि अन्य बाहर निगरानी कर रहे थे। बदमाशों ने जैसे ही ताला तोड़कर आभूषण समेटने शुरू किए, आहट पाकर दुकान में सो रहे, संचालक राजेश खरवड़े की नींद खुल गई। गौरतलब है कि, राजेश खरवडे की दुकान भूतल पर है और मकान पहली मंजिल पर स्थित है।

हार्ट सर्जरी के बावजूद दिखाया साहस

राजेश खरवडे के हार्ट मरीज होने के बावजूद उन्होंने जान की परवाह किए बिना बदमाशों का सामना किया और एक बदमाश को दबोच भी लिया। यह देख दूसरे एक बदमाश ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद लहूलुहान अवस्था में राजेश ने पहली मंजिल पर जाकर परिजनों को घटना से अवगत कराया।

लाखों के आभूषण ले उड़े बदमाश

संचालक विनय खरवड़े के अनुसार, बदमाश दुकान से लगभग 160 ग्राम सोने के जेवर जिनमें पेंडेंट, लॉकेट, चेन और ईयर रिंग शामिल हैं तथा चांदी के ब्रेसलेट व अन्य जेवर चुरा ले गए। हालांकि, गनीमत यह रही कि वे दुकान में रखे मुख्य लॉकर को तोड़ने में सफल नहीं हो सके। चोरी गए सामान की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है।

पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

यह वारदात गुजरी बाजार स्थित घनी आबादी वाले गणेश वार्ड में हुई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गुजरी बाजार में वर्षों से पुलिस का गश्ती पॉइंट रहा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से पुलिस की नियमित मौजूदगी नहीं दिख रही थी। लोगों ने क्षेत्र में तत्काल पुलिस गश्त बढ़ाने और स्थायी गश्ती पॉइंट फिर से शुरू करने की मांग की है। इस घटना ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी है। गौरतलब है कि पांढुर्णा की नवागत पुलिस अधीक्षक विदिता धनखड़ ने शुक्रवार को ही जिले में आमद दी थी और शनिवार को उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण करना था।

श्री पंढरीनाथ मंदिर का मार्ग बंद करने का मामला, तनाव को देख प्रशासन ने संभाला मोर्चा

ग्रामीणों में भूमि मालिक एवं प्रशासन के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



बेरडी के प्रसिद्ध श्री पंढरीनाथ मंदिर के पश्चिमी मार्ग को बंद किए जाने और वहां जेसीबी चलाए जाने की घटना ने शनिवार को तूल पकड़ लिया है।

आगामी 22 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक अखंड हरिनाम सप्ताह के ठीक पहले रास्ते को अवरुद्ध किए जाने से भक्तों और ग्रामीणों में प्रशासन व भूमि मालिक के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।

श्रद्धालुओं का यह बढ़ता गुस्सा अब आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार महीने पहले ग्रामीणों ने इस मार्ग की समस्या के समाधान के लिए तहसील कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया था, जहां अधिकारियों ने जल्द निराकरण का आश्वासन दिया था। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने के चलते शनिवार को अचानक भूमि मालिक द्वारा विवादित मार्ग पर जेसीबी चलाकर रास्ता बंद कर दिया गया। जैसे ही इसकी भनक हरिभक्तों को लगी, वे बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया।

लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और आवागमन पर संकट

पंढरीनाथ मंदिर समिति बेरडीऔर ग्रामीणों का कहना है कि माहेश्वरी चौक से मंदिर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग बेहद संकरा छोटा है। इसके विपरीत, पश्चिमी मार्ग सौंसर-लोधीखेड़ा मुख्य सड़क से महज 250 फीट की दूरी पर जुड़ता है, जिससे बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन सुगम रहता है। इस महीने होने वाले महाआयोजन में मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में वारकरी और श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग के बंद होने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सौसर सिद्धार्थ पटेल और एसडीओपी प्रियंका पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और आक्रोशित ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने भक्तों को आश्वस्त किया कि धार्मिक आयोजन से पहले इस समस्या का नियमानुसार और उचित स्थायी समाधान निकाला जाएगा।भक्तों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मार्ग नहीं खोला गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने जामसांवली धाम में टेका माथा



सौंसर। पांढुर्णा जिले की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक विदिता धनखड़ ने कार्यभार संभालने के बाद आस्था के प्रमुख केंद्र चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली पहुंचकर शनिवार को विधिवत दर्शन किए। उन्होंने हनुमान जी की पावन मूर्ति के समक्ष शीश नवाकर पूजा-अर्चना की और संपूर्ण जिलेवासियों के लिए शांति, मंगल एवं समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, संरक्षक दादाराव बोबडे और वरिष्ठ ट्रस्टी विट्ठलराव डवरे ने पारंपरिक रूप से एसपी विदिता धनखड़ को श्री हनुमान जी की प्रतिकृति भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने उन्हें जामसांवली धाम के ऐतिहासिक महत्व, लोक-आस्था और विशेष अवसरों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं।

लगा पुलिस दरबार, नवागत एसपी ने जानी अधिनस्थों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



आज 10 अक्तुबर को विदिता धनखड ने जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय पांढुर्णा का पदभार ग्रहण किया। नवागत एसपी ने जिले में कानून व्यवस्थाा बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, तथा आमजनों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

नवागत एस.पी. महोदया ने आज कार्यालय परिसर में जिले के पुलिस अधिकारियों का दरबार लगाया। इस मौके पर जिला पुलिस अधिक्षक महोदया ने अपने अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समस्याओं को सुना और अनुशासन व पुलिसिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी को अपने कर्तव्य के प्रति सदैव सजग रहने की अपील की

संकल्प अभियान के तहत दिया स्वच्छता का संदेश एवं किया गया पौधारोपण



तामिया। देशभर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 नवंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम जो देशभर में चल रहा है!उसी के तहत आज तामिया वन विभाग की ओर से तामिया रेंज मै कैंपा मद क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम फॉरेस्ट डैम के पास आयोजित किया गया जिसमें वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी के अलावा तामिया भाजपा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी ईस मै उपस्थित रहे सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत पहले समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत जंगल एवं आसपास में पड़ी खाली बोतल पानी कचरा उठाकर एकत्र किया गया जिसका मूल उद्देश्य स्वच्छता का संदेश देना था! उसके बाद तामिया जलाशय के पास पौधारोपण के अंतर्गत 300 पौधों का रोपण किया गया ,इस कार्यक्रम में तामिया मंडल के अध्यक्ष दयाराम इरपाची,प्रभारी हजारी साहू , वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक, महामंत्री विनय साहू ,जनपद मंडल उपाध्यक्ष रियाज खान निलेश डेहरिया वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश मिश्रा युवा मोर्चा अध्यक्ष वतन उपाध्याय विनोद अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

भमोडी में 23 महिलाओं को मिला सिलाई-कटाई प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



आशा किरण पुनर्वास केंद्र भमोडी में सिलाई-कटाई का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 23 महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया। इसमें वर्तमान फैशन के अनुरूप कपड़ों की डिजाइन, कटाई और सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण शामिल था। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा तैयार किए गए कपड़ों, बैग और अन्य सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, ताकि उनके उत्पादों का प्रचार-प्रसार हो सके और महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

सर्व पितृ मोक्ष आमवस्या सैनिकों, ऋषियों, देवताओं सहित पितरों का किया तर्पण

छिंदवाड़ा। सँस्कृत पुसतोकोउन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरी में आज सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन सैनिको ,ऋषियों ,देवताओं और पितरो का वैदिक रूप से तर्पण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की । इस अवसर पर खजरी आश्रम के संचालक जय राम भाई ने बताया कि हम सभी ऋषि मुनि ,देवगण ,पितरो सहित देश की रक्षा के लिए सीमा पर शहीद हुए सैनिकों के भी ऋणी है । उन सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना ही श्राद्ध है । हमारे पूर्वजों ने हमे जन्म दिया ,नाम दिया ,गोत्र दिया शरीर दिया । सब दिया ही दिया है उनके मोक्ष की कल्याण की कामना करना हम सभी का परम कर्तव्य भी है । कार्यक्रम में हजारों साधकों ने उपस्थित दर्ज की । आश्रम प्रबन्धक द्वारा योग्य ब्रहामणों की व्यवस्था की गई थी । इसके पूर्व श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी गुरुकुल और श्री योग वेदांत सेवा समिति ने पितृ पक्ष के दौरान शहर में हजारों राहगीरों को निशुल्क भोजन(हलवा और पुलाव) वितरण किया गया।



भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



सौंसर। भारतीय जनता पार्टी के 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत भाजपा कार्यालय सौसर में एक गरिमामय वातावरण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।शिविर को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की रक्षा का एक परम पावन माध्यम है। 'सेवा, समर्पण और जनकल्याण' के मूलमंत्र को साकार करते हुए किसी संकटग्रस्त व्यक्ति का जीवन बचाना समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है।इस अवसर पर नगर पालिका सौसर अध्यक्ष सुरेखा इन्द्रचंद डागा, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, देवेन्द्र गायकवाड़, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, इन्द्रचंद डागा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विवेक गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

वार्ड नम्बर 11-12 में रेत का डम्प खनिज व पुलिस विभाग का नहीं है ध्यान

रात के अंधेरे में चंदन नदी को खोखला कर रहे हैं रेत माफिया







वारासिवनी।

जिले में एक अक्टूम्बर से रेत खनन का ठेका प्रारंभ होने के साथ ही जिम्मेदारों की अकर्मण्यता के चलते वारासिवनी अनुविभाग में रेत चोरी बदस्तूर चालू होकर नदियों का सीना छलनी करना प्रारंभ हो गया है।

विदित हो कि जून 26 तक जिले के विभिन्न रेत घाटों की नीलामी नहीं हुई थी, तो खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध रेत खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही थी। लेकिन अक्टूबर 26 से जिले के रेत घाटों से खनन की अनुमति ठेकेदार को मिल गई है। उसके बाद से वारासिवनी क्षेत्र की नदियों के जिन रेत घाटों की नीलामी शासन द्वारा नही की गई हैं, उन रेत घाटों से रेत की चोरी बड़े पैमाने पर प्रारंभ हो गई है और पुलिस विभाग सहित खनिज विभाग के जिम्मेदार भी मौन साधे खुली आँखों से नदियों को चोरों के द्वारा लूटते देख रहे हैं।

खनिज विभाग के साथ पुलिस गश्त पर भी उठ रहे सवाल

नदियों से हो रही लगातार रेत चोरी से खनिज विभाग के साथ वारासिवनी अनुविभाग की पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोंगों का कहना हैं कि रात्रि में जब ये रेत चोर धड़ाके से रेत चोरी कर शहर की सडक़ों से और थाने के सामने से लगातार गुजर रहे हैं, ऐसे में रात्रि में गश्त करने वाले कर्मचारियों की निगाह से ये चोरी की रेत से भरे ट्रैक्टर कैसे बच कर निकल जा रहे हैं या फिर जानबूझकर ये पुलिस कर्मी उन ट्रैक्टरों को निकलने दे कर अपनी दोस्ती निभा रहे हैं।

चंदन नदी से हर दिन ट्रैक्टरों और बैलगाडिय़ों से हो रही रेत चोरी...

वारासिवनी शहर के वार्ड नम्बर 11 एवं वार्ड नम्बर 12 मरारी मोहल्ले, खंडवा घाट, खंडवा मोक्षधाम, मेहंदीवाड़ा, सिकंदरा, महदोली, सिंगोड़ी सहित चंदन नदी के विभिन्न घाटों से हर दिन दर्जनों ट्रैक्टरों और बैलगाडिय़ों के माध्यम से हर दिन चोर रेत की चोरी कर रहे हैं। सबसे अधिक चोरी शहर के वार्ड नम्बर 12 मरारी मोहल्ले से बहने वाली चंदन नदी से रेत की चोरी हो रही हैं, जहाँ पर रेत चोरों ने बाकायदा नगरपालिका के निर्माणाधीन एक उपक्रम के पास रेत का भारी भरकम डम्प करके रखा हैं। जहाँ से इन लोंगों द्वारा प्रतिदिन रात्रि में ट्रैक्टरों से शहर के भीतर से ही रेत का खुलेआम रात भर परिवहन किया जा रहा है। जिससे ट्रैक्टरों की आवाज से लोंगों की नींदें भी खराब हो रही हैं।

सोशल मीडिया पर भी रेत चोरी को लेकर उठी आवाज...

बीते दो दिनों से विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुपों में चंदन नदी से हो रही लगातार रेत चोरी और इससे गिरते नदी के जलस्तर को लेकर पोष्ट वायरल हो रही हैं। इन ग्रुपों में पुलिस अधिकारियों, खनिज विभाग के अधिकारियों सहित चुनाव पूर्व रेत चोरी का बढ़चढक़र विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिनके इलाके से रेत की चोरी हो रही हैं, उस नपाध्यक्ष के प्रतिनिधि भी इस ग्रुप में जुड़े हुए हैं, बावजूद उसके इन रेत चोरों पर किसी तरह की कार्यवाही अब तक ना होना चिंताजनक हैं। जिससे ऐसा प्रतीत होता हैं कि लगातार हो रही रेत चोरी में जिम्मेदार अधिकारियों और हमारे जनप्रतिनिधियों की रेत के इन अवैध कारोबारियों को मौन स्वीकृति हैं। इसलिए इन लोंगों पर किसी भी तरह की कार्यवाही जानकारी होने के बावजूद भी नही की जा रही हैं

इनका कहना है:-

पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। यदि रेत चोरी कर बेची जा रही है, तो ऐसे लोगों पर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी।

अनूप कुमार उइके थाना प्रभारी वारासिवनी।

जमीन विवाद को लेकर युवक को लाठी डंडों से मारकर किया घायल

प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को किया जिला चिकित्सालय रिफर घायल के पिता को चौधरी परिवार ने अस्पताल में मारा







'वारासिवनी। वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबा टोला में शनिवार की सुबह अपने खेत से पानी की मोटर बंद करके घर जा रहे एक युवक को गाँव के ही एक परिवार के 6-7 सदस्यों ने घेरकर लाठी डंडे से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद घायल युवक को कुछ लोगों ने बाइक की सहायता से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल युवक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे बालाघाट जिला चिकित्सालय उचित उपचार के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने दोनों ही पक्षों के बयान दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम सोनबाटोला निवासी 36 वर्षीय घायल जगदीश पिता दौनलाल गौतम और लोकेश चौधरी के परिवारों के बीच खेत की जमीन का विवाद चल रहा है। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय का आदेश भी हुआ है और कुछ दिनों पहले तहसीलदार ने खुद स्थल पर जाकर लोकेश चौधरी के परिजनों को समझाइश दी थी। मगर तहसीलदार न्यायालय के आदेश व तहसीलदार की समझाइश को दरकिनार करते हुए लोकेश चौधरी के परिवार वाले जगदीश गौतम के परिवार को उस रास्ते से जाने आने के लिए मना करते है। शनिवार की सुबह जब जगदीश गौतम अपने खेत से पानी की मोटर बंद करने के पश्चात अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में लोकेश चौधरी के परिवार वालों ने घेराबंदी कर जगदीश गौतम को लाठी डंडों से लहूलुहान कर दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों परिवारों वालो के बयान दर्ज मामले को जांच में लिया है।

वारासिवनी सिविल हॉस्पिटल परिसर में भी घायल जगदीश के पिता दोनलाल गौतम के साथ हुई मारपीट जानकारी मिलने के बाद दोनलाल गौतम अपने घायल पुत्र जगदीश गौतम से मिलने वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय पहुंचे, तो लोकेश चौधरी के रिश्तेदार मनीष बोपचे और उसके साथियों ने दोनलाल गौतम के साथ जमकर मारपीट की। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बुजुर्ग दोनलाल गौतम को पीटता देख कुछ लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया।जिसके बाद मनीष बोपचे वहां से रवाना हो गया।

खबर संक्षेप

थाने में केक काटकर मनाया मासूम का जन्मदिन, चेहरे पर लौटी मुस्कान

सिवनी: बरघाट के साप्ताहिक बाजार के दौरान एक करीब 04 वर्षीय बच्चा बाजार में अकेला घूमता हुआ मिला। बाजार में भीड़-भाड़ होने से बच्चा अपने परिजनों से बिछड़ गया था।सूचना मिलते ही बरघाट थाना पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित थाना लाया गया। बच्चे की पहचान एवं परिजनों का पता लगाने हेतु सोशल मीडिया एवं आस-पास के ग्रामों में तत्काल सूचना प्रसारित की गई।थाना स्टाफ द्वारा बच्चे से प्रेमपूर्वक पूछताछ करने पर बच्चे ने अपना नाम *शिवांश परते* एवं पिता का नाम *विनोद परते* बताया। जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा बच्चे के पिता को थाना बुलाया गया, सत्यापन उपरांत मासूम शिवांश को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द किया गया।पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि आज ही दिनांक 10/10/2026 को मासूम शिवांश का जन्मदिवस भी है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए थाना बरघाट स्टाफ द्वारा थाने में ही केक मंगवाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बालक शिवांश का जन्मदिन मनाया गया। पुलिस के इस स्नेह भरे व्यवहार से बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौट आई एवं परिजनों ने पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने 14 अक्टूबर को होगी उच्च स्तरीय बैठक

मण्डला। खरीफ फसल कटाई के दौरान खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा राज्य स्तरीय नरवाई प्रबंधन योजना की समीक्षा के लिए 14 अक्टूबर 2026 को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव करेंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैठक अपराह्न 4 बजे मंत्रालय स्थित मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष में आयोजित होगी। इसमें नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा नरवाई प्रबंधन के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त संभागायुक्त, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एवं मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त कृषि उत्पादन आयुक्त, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व तथा ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिव, पुलिस महानिदेशक और किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के संचालक भी बैठक में सहभागिता करेंगे। बैठक में नरवाई प्रबंधन के लिए विभागीय समन्वय और प्रभावी उपायों पर चर्चा की जाएगी।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटी गई शैक्षणिक एवं खेल सामग्री

मण्डला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, मंडला में जिला स्तरीय 'सेवा संकल्प कार्यक्रम 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री, खेलकूद सामग्री एवं 'प्रोजेक्ट संकल्प' के अंतर्गत अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।
जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि छोटे-छोटे सेवा कार्य भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने तथा स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे-छोटे लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण होता है।

वैश्विक कल्याणकारी नीतियों में दिखता है महाराजश्री अग्रसेन का दूरदर्शी सिद्धांत- शैलेष कुमार अग्रवाल

अग्रवाल समाज में वाहन रैली, हवन-पूजन और शोभा यात्रा के साथ भव्यता से मनाया महाराज श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव



सिवनी: अग्रकुल प्रवर्तक महाराज श्री अग्रसेन का 5180वां जन्मोत्सव को 11 अक्टूबर को जबलपुर रोड लूघरवाड़ा के अग्रसेन भवन में सिवनी अग्रवाल समाज ने भव्यता से मनाया। गंगानगर से भव्य वाहन रैली निकाली गई, जो अतिथियों को साथ लेकर महाराज श्री अग्रसेन के जयकारे लगाते हुए शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर लूघरवाड़ा श्री अग्रसेन भवन पहुंची। यहां श्री अग्रसेन महाराज का हवन-पूजन मुख्य यजमान राजकुमार-संध्या अग्रवाल ने कराया। हवन-पूर्ण आहूति में शामिल होकर अतिथियों ने महाआरती में सामाजिकजनों के साथ हिस्सा लिया। इसके बाद मंचीय समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने माता महालक्ष्मी और महाराज अग्रसेन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद अग्रवाल समाज समिति ने मंचासीन मुख्य अतिथि श्री शैलेष कुमार अग्रवाल (आर्वी), श्रीमती शोभादेवी गोयनका (आकोला), विशिष्ट अतिथि श्री संतोष कुमार अग्रवाल (मुलताई), श्री शालिकराम जी टिब्डेवाल वर्धा, श्री लक्ष्मण प्रसाद मोदी (केवलारी) के साथ ही स्टेयरिंग कमेटी के सदस्यों, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल (भालोटिया) तथा समाज के वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व पदाधिकारियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र समाजसेवी व मुख्य अतिथि श्री शैलेष कुमार अग्रवाल (आर्वी) ने महाराजा अग्रसेन के दूरदर्शी सिद्धांतों, सामाजिक समता और उनके ऐतिहासिक अवदानों पर प्रकाश डाला। कहा कि अग्रवाल समाज भगवान श्रीराम व महाराजा अग्रसेन का वंशज है। महाराजा अग्रसेन केवल एक राजा या प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक महान अर्थशास्त्री और दूरदर्शी समाजसुधारक थे। उनकी 'एक ईंट और एक रुपया' की नीति सामाजिक समता और कमजोर वर्ग के बंधुओं को अपने पैरों पर खड़ा करने का सबसे अनुपम उदाहरण है, जिसकी झलक आज भारतीय संविधान और वैश्विक कल्याणकारी नीतियों में देखने को मिलती है। वर्धा के श्री शालिकराम टिब्डेवाल ने समाज की संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकजुटता और आपसी बंधुत्व को बढ़ावा देने की बात कही। वर्धा का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि समाज में एकजुटता बनाए रखने एक आपातकालीन समिति का गठन किया जाना चाहिए। जो किसी भी परिवार पर दिन हो या रात, अचानक कोई विपत्ति—जैसे गंभीर बीमारी, दुर्घटना या आगजनी आए तो समिति के सदस्य केवल एक फोन काल पर तत्काल मौके पर पहुंचकर मदद के लिए खड़े हों।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि श्रीमती शोभा देवी गोयनका ने बदलते परिवेश में बदलते रिश्ते और आज़ादी विषय पर अपने विचार रखे। कहा कि पूर्वजों ने बहु-बेटियों को आगे बढ़ने खुला आसमान और आजादी दी, लेकिन आज यह आत्म मंथन करने की आवश्यकता है कि इस बदलाव के बीच परिवारों में बिखराव और अलगाव न आने पाए। डिजिटल युग और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक ने दूर बैठे लोगों को तो पास ला दिया, लेकिन पास बैठे अपनों को एक-दूसरे से दूर कर दिया है। परिवारों में संवाद कम होने से बच्चों और बड़ों के बीच भावनात्मक जुड़ाव कमजोर पड़ रहा है। कहा कि दुनिया की कोई भी डिजिटल स्क्रीन मां की लोरी, पिता की थपकी और दादा-दादी के दुलार का स्थान नहीं ले सकती।

श्री राकेश भालोटिया ने बताया कि कुंभ मेले के दौरान रास्ते में फंस श्रद्धालुओं ठहरने और भोजन-जलपान की निःशुल्क व्यवस्था सामाजिक भवन में की गई। जिले में निवासरत प्रत्येक अग्रवाल परिवार की जनगणना व पारिवारिक जानकारी का संकलन कर पुस्तिका प्रकाशित कर प्रत्येक परिवार तक पहुंचाई गई है। भवन के दूसरे चरण का कार्य संचालित है, जिसमें निर्माणाधीन विशाल हाल भी शामिल है। समारोह में स्टेयरिंग कमेटी डा. रमाशंकर अग्रवाल ने भवन में महाराज अग्रसेन से जुड़े साहित्य व इतिहास पर लाइब्रेरी प्रारंभ करने की इच्छा जताई। अतिथियों के उद्बोधन के बाद समाज के मेघावी छात्रों तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती शिखा मोदी, श्रीमती दीपिका भालोटिया ने किया। सचिव श्री सुनील अग्रवाल ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए मंचीय कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। वाहन रैली व मुख्य समारोह में सिवनी अग्रवाल समाज के वरिष्ठजन, पुरूष-महिलाएं, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

एनएच-44 के नाले से हटवाया बायोमेडिकल कचरा, जांच के बाद हो सकती है बड़ी कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और वन विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से हटवाया कचरा, पंचनामा तैयार

छपारा - एनएच-44 फोरलेन सड़क किनारे ग्राम घोघरी के पास पुलिया के नीचे नाले में खुले में फेंके गए बायोमेडिकल कचरे को प्रशासन ने रविवार सुबह हटवा दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा उपकरणों की मदद से कचरे को एकत्रित कर बायोमेडिकल वेस्ट वाहन में भरकर भिजवाया।

दरअसल अस्पतालों से निकलने वाले बायो मेडिकल बेस्ट कचरा को विशेष रूप से अलग अलग डस्ट बिन बना कर लाल पीले और नीले कलर की पन्नीयों में जमा कर जिला में पंजीकृत एजेंसी द्वारा संग्रहण किया जाता है और निपटान प्रक्रिया कर विनष्टीकरण जरुरी है। कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉ. टी.एस. इनवाती, नगर परिषद के सब इंजीनियर शिवराम इढपाचे और डिप्टी रेंजर नितिन मसीह मौजूद रहे। जेसीबी और मजदूरों की सहायता से नाले में फेंके गए कचरे को हटाया गया। इस दौरान मामले से संबंधित पंचनामा भी तैयार किया गया।

गौरतलब है कि 9 अक्टूबर को स्थानीय लोगों ने नाले में बड़ी मात्रा में बायोमेडिकल कचरा फेंके जाने की सूचना दी थी। यह मामला इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि नाले का पानी आगे चलकर बैनगंगा नदी में मिलता है। ऐसे में इस तरह के कचरे से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच में कचरा फेंकने वालों की पहचान होने और लापरवाही सामने आने पर संबंधितों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया

सिवनी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में भाजपा सरकार द्वारा अपना पक्ष मजबूती से नहीं रख पाई है सरकार द्वारा कमजोर पैरवी और ठोस डेटा न जुटाने की वजह से यह मामला अदालत में उलझा हुआ है, यही कारण है कि माननीय उच्च

न्यायालय ने पिछड़ा वर्ग को साल 2019 में कांग्रेस सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले संशोधन कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्ध कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि 2003 से 2018 तक भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लोगो को मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण जो कि उनका अधिकार है नही दिया, कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश में सबसे पहले पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया था। मामला उच्च न्यायालय में चले गया भाजपा सरकार द्वारा मामले की पैरवी ठीक ढंग से नही की गई वही अन्य मामलों में सरकार वकीलो पर करोड़ो रूपय खर्च करती है लेकिन पिछड़ा वर्ग को उनका अधिकार दिलाने की उनकी मंशा साफ नही थी कांग्रेस पार्टी का हमेशा प्रयास रहा है कि वंचित लोगो को उनका कानूनी हक शीघ्र प्राप्त हो।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस अपने खर्चे पर पिछड़ा वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लडेगी, इसके लिए वह देश के वरिष्ठ वकील कपील सिंब्बल एवं विवेक तन्खा को पैरवी के लिए खड़ा करेंगी। भाजपा सरकार सिर्फ चुनावी लाभ के लिए पिछड़ा वर्ग से वादे करती है लेकिन जब उनकी लड़ाई लड़ने का समय आता है तो वह भाग खड़ी होती है।श्री नरेश मरावी ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण न मिलने के कारण युवाओं के भविष्य और रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहें है। भाजपा सरकार को जल्द से जल्द श्वेत पत्र जारी कर अभी तक अदालत में किन कमजोरियों के कारण पिछड़ा वर्ग को लाभ नहीं मिल पा रहा है उसके लिए कौन जिम्मेदार है? ताकि बिना किसी देरी के प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लोगो को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ लोगो को मिल सकें। यदि भाजपा सरकार ने इस दिशा में जल्द ही कोई ठोस कदम नही उठाया तो कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग, प्रदेश के युवाओं के साथ सड़को पर उतर कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध के लिए तैयार

शांति और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर मनाएं त्यौहार-कलेक्टर

दुर्गोत्सव की धूम, उमड़ने लगे भक्त





*** शक्ति पीठों पर श्रद्धालुओं की लगेगी कतारें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शक्ति की आराधना का महापर्व प्रारंभ होने जा रहा है सार्वजनिक पंडालों में जहां-जहां प्रतिमायें स्थापित हो रही है वहां लगभग तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। इस वर्ष का दुर्गोत्सव प्रत्येक वर्षो की अपेक्षा अत्याधिक भव्य होने वाला है हर वर्ष की तरह कृषि उपज मंडी, बड़ी खैरी दुर्गोत्सव, युवम परिवार द्वारा मनाया जाने वाला दुर्गोत्सव, बुधवारी बाजार, बिंझिया, बस स्टैण्ड और उदय चौक तथा कोष्टा मौहल्ला स्थापित होने वाली माता महाकाली लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इसके अलावा जो नगर एवं जिले के शक्ति पीठ हैं उन पर भी भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने वाली है। पर्व को देखते हुये प्रशासन ने भी पर्याप्त तैयारियाँ की हुई हैं।

आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

जिला योजना भवन में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में आगामी दुर्गोत्सव, दशहरा और शरद पूर्णिमा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा अष्टमी 18 अक्टूबर को, दशहरा 20 अक्टूबर को एवं शरद पूर्णिमा 26 अक्टूबर को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थापन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि नवरात्रि का पावन उत्सव में आयोजन समितियों का सहयोग आवश्यक है। हमारा आग्रह है कि आयोजन समितियां पंडालों में केवल मिट्टी से निर्मित दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना करें जिनमें हर्बल और जैविक रंगों का उपयोग हो। प्लास्टर ऑफ पेरिस तथा रासायनिक रंगों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिमा स्थापना हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी मण्डला से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। गणेश उत्सव में नैनपुर में हुई अप्रिय घटना की चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी समितियों की जिम्मेदारी है कि वह अस्थायी कनेक्शन लेकर पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीसी कनेक्शन लगाते समय ही सुरक्षा सुनिश्चित कराएं। पंडालों एवं लोहे के खंभों पर बिजली के तारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पंडालों में रात्रि के समय समिति के सदस्यों एवं वालंटियर्स की मौजूदगी अनिवार्य होगी, जिसकी सूची प्रशासन को सौंपनी होगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर आवागमन बाधित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विसर्जन जुलूस के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा और निर्धारित रूट तथा समय सीमा का कड़ाई से पालन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भंडारा स्थलों एवं पंडालों में डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। प्रसाद वितरण में सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल व दोना-पत्तल का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि हमें मां की आराधना के इस पर्व को उत्साह से मनाना है उन्माद से नहीं। उन्माद नुकसानदायक होता है। उन्होंने कहा कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान निरंतर पुलिस गश्त, चिकित्सा दल की उपलब्धता तथा कंट्रोल रूम में फायर ब्रिगेड को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों और आयोजन समितियों से सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।



बिछिया ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक संपन्न



*** संगठन सृजन अभियान एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

दिनांक 10 अक्टूबर 2026, शनिवार को सामुदायिक भवन मुख्य बाजार स्थल बिछिया में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन सृजन अभियान, आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने तथा मतदाता सूची एवं BLA-2 के कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर बिछिया के वरिष्ठ नागरिक स्वर्गीय चंदन परते के सुपुत्र रिटायर्ड तहसीलदार सुरेश परते ने जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशोक मर्शकोले के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला संगठन महासचिव राजेन्द्र राजपूत, बिछिया ब्लॉक/नगर कांग्रेस प्रभारी विनोद पटेल एवं अशोक राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी तथा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शशांक गोस्वामी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। साथ ही मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को गंभीरता से पूरा करने एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक मर्शकोले, जिला संगठन महासचिव राजेंद्र राजपूत, जोश सिंह ठाकुर शिवानंद गोस्वामी टेकराम राय झुन्ना ठाकुर पार्षद विकास ग्वले नारायणी साहू त्रिवेणी तेकाम संतोषी मोगरे अशोक ज्योतिषी अरूण पांडे प्रणव लोध विकास पांडे टोनी मिश्रा अमन राजपूत इरशाद खान अक्षत झारिया निखिल राजपूत डमरू राजपूत सोनू साहू राजेन्द्र कुलस्ते चमन यादव घनश्याम अहिरवार रतन पन्द्रों मोहन पटेल रियाज खान रोहित साहू कलीराम मार्को कमलेश उईके समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।
डॉ. सुधन्वा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलांजखंड में प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर का विकास तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजेन्द्र कुमार पिवहरे ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वायु को शुद्ध करने तथा जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में डॉ. विजयश्रीकांत मिश्रा की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूक करना तथा स्वच्छ, सुंदर और हरित परिसर के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिला स्तरीय कालिदास समारोह में मयंक चौधरी ने हासिल किया प्रथम स्थान



वारासिवनी। जिला स्तरीय कालिदास समारोह प्रतियोगिता में सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी के प्रतिभाशाली छात्र मयंक चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। 8 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मयंक ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी एवं सांदीपनि टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी के प्राचार्य हुमराज पटले सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।
प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मयंक चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और संभाग स्तर पर अपनी जगह बनाई। मयंक चौधरी को इस उपलब्धि तक पहुंचाने में संस्था के प्राचार्य हुमराज पटले का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। वहीं मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में श्रीमती अन्नू एम राहंगडाले ने जिला स्तर पर प्रतियोगिता की तैयारी एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहयोगी शिक्षक के रूप में सुश्री डाली खैरवार एवं मुकेश देशकर का भी सराहनीय योगदान रहा।मयंक की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं समस्त शाला परिवार ने छात्र मयंक चौधरी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई। सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के लिए यह उपलब्धि गौरव का विषय है।

मुंदीवाड़ा की महिलाओं का फूटा गुस्सा

अवैध शराब बिक्री के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

कटंगी। जब सिस्टम आंख मूंद लेता है, तो मां-बहनों को ही मोर्चा संभालना पड़ता है। कुछ ऐसा ही हाल कटंगी शहर के मुंदीवाड़ा का हो गया है। यहां की महिलाओं ने अब शराब माफियाओं के खिलाफ आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। अवैध कच्ची हाथ-भट्टी और देसी-विदेशी शराब की बिक्री से तंग आकर महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय सिंह यादव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में महिलाओं ने सिर्फ शराब बेचने वालों की ही नहीं, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मुंदीवाड़ा में अवैध शराब बिक्री का यह गोरखधंधा कोई नया नहीं है। मोहल्ले के भीतर ही करीब 10 लोग लंबे समय से अवैध तरीके से शराब बेच रहे थे। शाम होते ही मोहल्ले में शराबियों का जमावड़ा लग जाता था, गाली-गलौज, मारपीट और घरों में क्लेश रोज की बात हो गई थी। इससे परेशान होकर करीब 20 दिन पहले मुंदीवाड़ा की महिलाओं ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की थी। महिलाओं की एकता का असर भी हुआ था। उनके विरोध और सामाजिक दबाव के बाद 10 में से 6 लोगों ने शराब बेचना बंद कर दिया। लेकिन अभी भी 4 लोग हैं जो पुलिस और प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है जो बेखौफ होकर अपने घर से शराब की बिक्री कर रही है। महिलाओं का आरोप है कि यही 4 लोग पूरे मोहल्ले का माहौल खराब कर रहे हैं।



पुलिस आई, समझाइश देकर चली गई, कार्रवाई नहीं-

महिलाओं ने अपनी शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की। शिकायत के बाद पुलिस एक बार मुंदीवाड़ा आई भी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय सिर्फ समझाइश देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। महिलाओं ने बताया कि जब पुलिस समझाइश दे रही थी, तभी शराब बेचने वाली एक महिला अपना दुखड़ा रोने लगी कि परिवार पालने के लिए शराब न बेचूं तो क्या करूं। इस पर पुलिस ने उसे दूसरा काम करने की सलाह दी और वापस लौट गई। पुलिस के जाने के बाद उसी महिला ने फिर से शराब बेचना शुरू कर दिया। महिलाओं का सवाल है कि क्या यही पुलिस की कार्रवाई है? क्या अवैध धंधे को समझाइश से रोका जा सकता है?

लाइसेंसी दुकानें भी जिम्मेदार-

महिलाओं ने ज्ञापन में एक बहुत बड़ा आरोप लगाया है जो पूरे सिस्टम की पोल खोलता है। उन्होंने बताया कि मुंदीवाड़ा ही नहीं, बल्कि पूरे कटंगी ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। और इसके पीछे देसी-विदेशी शराब की लाइसेंसी दुकानों के संचालक भी जिम्मेदार हैं। आरोप है कि अपनी बिक्री और खपत बढ़ाने के लिए लाइसेंसी दुकानों से ही गांव-गांव में अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है। यही शराब गांवों में पान ठेलों, किराना दुकानों और होटलों-ढाबों पर दोगुने दाम पर बिक रही है। आज स्थिति यह है कि गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक की रगों में शाम होते ही शराब दौड़ने लगती है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क को भली-भांति जानती है, लेकिन कार्रवाई नहीं करती। स्थानीय लोगों और सूत्रों की मानें तो पुलिस की इस निष्क्रियता के पीछे बड़ी वजह राजनीतिक संरक्षण है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को कार्रवाई न करने के अप्रत्यक्ष मौखिक निर्देश सत्ता में बैठे कुछ नेताओं की तरफ से आते हैं। क्योंकि अवैध शराब से होने वाली कमाई का एक हिस्सा ऊपर तक जाता है। इसलिए शराब भले ही इंसानों के शरीर में धीमा जहर घोल रही हो, लेकिन शासन के लिए यह राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत बनी हुई है।

महिलाओं की मांग और सवाल-

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मुंदीवाड़ा की महिलाओं ने मांग की है कि शेष बचे 4 अवैध शराब विक्रेताओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पान ठेलों, किराना दुकानों पर बिक रही अवैध शराब पर छापेमार कार्रवाई की जाए। लाइसेंसी दुकानों से हो रही अवैध सप्लाई की जांच कराई जाए। साथ ही महिलाओं ने कुछ बड़े सवाल भी खड़े किए हैं जिनका जवाब शासन-प्रशासन को देना होगा - आखिर सरकार शराबबंदी पर विचार क्यों नहीं करती? जब गुजरात और बिहार जैसे राज्यों में शराबबंदी हो सकती है तो मध्यप्रदेश में क्यों नहीं? पुलिस और आबकारी विभाग आंख बंद करके क्यों बैठा है? क्या महिलाओं की आबरू और बच्चों का भविष्य राजस्व से सस्ता है?

स्कूल में घुसकर डिप्टी कमांडेंट ने छात्र को पीटा: बेटे के सहपाठी से मारपीट;

परिजन बोले- गर्दन पकड़कर तीसरी मंजिल से फेंकने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।बालाघाट जिले के गर्रा मांझापुर स्थित साहूटोला सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 36वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट संतोष डहेरिया पर अपने बेटे के सहपाठी से मारपीट करने का आरोप लगा है।पीड़ित छात्र के परिजन शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। छात्र की मां ममता वासनिक का आरोप है कि डिप्टी कमांडेंट ने उनके बेटे की गर्दन पकड़कर उसे तीसरी मंजिल से फेंकने की धमकी दी। घटना के बाद से बच्चा डरा हुआ है।

परिजनों के अनुसार, घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:50 बजे की है। दोनों बच्चे एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। स्कूल में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद एक बच्चे ने अपने पिता को इसकी जानकारी दी।आरोप है कि इसके बाद डिप्टी कमांडेंट स्कूल पहुंचे और सीधे कक्षा में जाकर अपने बेटे के सहपाठी की पिटाई कर दी। परिजनों का कहना है कि छात्र ने गाली देने और धमकी देने की बात भी बताई है।

परिजनों ने एसपी से की शिकायत

छात्र की मां ममता वासनिक ने एसपी से शिकायत कर मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने पहले मामले को दबाने का प्रयास किया।उनका कहना है कि स्कूल के शिक्षक घर भी पहुंचे थे और मामले में शिकायत नहीं करने की बात कही थी। हालांकि, बच्चे के साथ भविष्य में कोई अनहोनी न हो, इस आशंका के चलते परिवार ने पुलिस से शिकायत की।स्कूल की प्राचार्य पूर्णिमा देशमुख ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद शिक्षक कक्षा में पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि स्कूल के नियमों के विपरीत आचरण के मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित बालक को टीसी दे दी गई है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच का भरोसा दिलाया है। फिलहाल, मामले में आगे की कार्रवाई जांच के बाद होगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या शाला लांजी में छात्राओं को पानी की बोतलों का वितरण

'सेवा मेरा योगदान' अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने और समाज में सेवा, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज़ लांजी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत 2 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए 'सेवा मेरा योगदान' सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या शाला लांजी में छात्राओं को आवश्यक सामग्री वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं को पानी की बोतलों का वितरण कर उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सेवा, समर्पण और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार हो सकता है, जब देश के प्रत्येक नागरिक की इसमें सक्रिय सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि देश के विकास में केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझना चाहिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने घर से होती है, लेकिन हमारी जिम्मेदारी केवल घर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमारा मोहल्ला, गांव और आसपास का पूरा वातावरण भी स्वच्छ रहना चाहिए। पर्यावरण को शुद्ध और सुरक्षित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना भी सेवा भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों सहित उपस्थित सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में सेवा, सहयोग और स्वच्छता को अपनाने की अपील की।

अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों का प्रस्तुत किया प्रतिवेदन

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों तथा समाज में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सामाजिक कार्यों से जोड़ने और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सेवा कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रेरणादायक गीत के माध्यम से दिया सेवा का संदेश

इस अवसर पर रमेश असाटकर ने "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें" प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया। गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने, समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने तथा देश के विकास में अपना योगदान देने की प्रेरणा दी गई। गीत ने कार्यक्रम में सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास

'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। छात्राओं को पानी की बोतलों का वितरण कर दैनिक जीवन में स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति भी जागरूकता का संदेश दिया गया। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में सहयोग, संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बलीराम वाकड़े, श्री बी.एल. भोंडेकर, सुरेश सोनवाने, चौकेश लिल्हारे, विजय हटिले एवं अशोक घरते उपस्थित रहे। इसके अलावा परामर्शदाता कैलाश ब्रह्मपुरे, दुष्यंत नगपुरे, आईईसी एक्जीक्यूटिव श्री दिव्यांश सोनी, सीएमसीएलडीपी की छात्राएं सतवंती मुरकुटे, अंतिमा चौरे, साधना खरे एवं मेघा बागड़े सहित विद्यालय की छात्राएं और अन्य उपस्थितजन कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के माध्यम से सेवा को केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। उपस्थितजनों ने सामाजिक सहभागिता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों में अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने की प्रेरणा प्राप्त की।

ग्राम पंचायत बिसोनी में वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान, शाल-श्रीफल भेंटकर किया अभिनंदन

जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार हुआ आयोजन, सैनिकों के त्याग, समर्पण और देशसेवा को किया नमन

हरिभूमि न्यूज़ लांजी। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिसोनी में वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सैनिकों के त्याग, समर्पण, साहस और राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित इस सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती वर्षा विजयवारे ने वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सैनिकों के साथ उनके परिवारों के प्रति भी आदर व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में सैनिकों के योगदान को याद किया गया।

सैनिकों एवं उनके परिवारों का किया सम्मान

समारोह के दौरान सूबेदार अमूलाल कुचलाहे, शहीद धर्मपत्नी श्रीमती खुशहाली कुचलाहे, सेवानिवृत्त सूबेदार रूपकुमार बिसेन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी बिसेन, हवलदार कुमारसानु एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती वनिता उके, कांस्टेबल मोतीचंद नारनौरे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रोशनी नारनौरे, पलास कराहे एवं उनकी पत्नी श्रीमती हिना कराहे तथा वर्तमान में सेवारत अमिश दुबे की पत्नी श्रीमती निधि दुबे एवं उनके परिवार का सम्मान किया गया।इसके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे देवेश वारे के पिता एवं भूतपूर्व सरपंच श्री विजयवारेजी का भी कार्यक्रम में उल्लेख किया गया। सम्मान समारोह में सैनिक परिवारों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करना उनके योगदान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का प्रतीक रहा।

भूतपूर्व सैनिक रूपकुमार बिसेन एवं विजयवारेजी ने किया संबोधित

कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिक रूपकुमार बिसेन एवं पूर्व सरपंच विजयवारेजी ने सैनिकों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए। सैनिक देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य निभाते हैं। उनके त्याग और अनुशासन से समाज को प्रेरणा मिलती है। सैनिकों के साथ उनके परिवार भी धैर्य और समर्पण के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान करना समाज की जिम्मेदारी है।इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के महत्व से परिचित कराने में भी सहायक होते हैं।

पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की रही उपस्थिति

सम्मान समारोह में पंचगण खिलेश्वर कराहे, सिमा, श्यामकुंवर, निरा राउत, हिना कराहे, हिरा वारे सहित ग्राम पंचायत के अन्य प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिव राजेश्वर पंचाले तथा सहायक सचिव हरीश कुमार आसटकर की भी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का समापन सैनिकों एवं उनके परिवारों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए हुआ। ग्राम पंचायत बिसोनी में आयोजित इस पहल को सैनिकों के योगदान को याद करने तथा समाज में राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने वाला आयोजन माना गया।

सड़क किनारे फेंका मिला नशीला बायोमेडिकल वेस्ट

शिकायत के बाद बीएमओ ने किया मौका का निरीक्षण, कार्रवाई का दिया भरोसा



कटंगी। स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के तमाम सरकारी दावों की कलई खोलती एक भयावह तस्वीर मॉयल नगरी तिरोड़ी से सामने आई है। यहाँ आस्था और आम जनजीवन के केंद्र, शक्ति माई मंदिर से मॉयल विश्राम गृह की ओर जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर किसी ने बायोमेडिकल वेस्ट फेंक दिया है। जिसमें नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएँ, एक्सपायरी इंजेक्शन और संक्रमित सिरिंजें खुले में पड़ी हैं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे-सीधे जन-स्वास्थ्य के साथ आपराधिक खिलवाड़ है। इस गंभीर मामले को उजागर किया है जागरूक युवा और सरपंच पति जुनैद खान ने। उन्होंने शुक्रवार को इस पूरे मामले की लिखित शिकायत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय सिंह यादव से की थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बीएमओ डॉ. भलावी ने शनिवार दोपहर 12 बजे मौके का निरीक्षण किया। बीएमओ ने माना कि सबसे चिंताजनक बात यह थी कि इसमें कई ऐसी दवाएं थीं जो नशे के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। मौके पर मौजूद बीएमओ डॉ. विनोद भलावी ने मीडिया से चर्चा में कहा, मैंने पूरे कचरे की जांच की है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इनमें से एक भी दवा सरकारी अस्पताल की नहीं है। यह पूरी तरह से प्राइवेट मेडिकल स्टोर से संबंधित वेस्ट है। इसमें कई दवाएं नशीली श्रेणी की हैं। डॉ. भलावी ने बताया कि नियमानुसार बायोमेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकना गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि वे मौके का पंचनामा तैयार कर रहे हैं और पूरे मामले का ज्ञापन बनाकर तहसीलदार, एसडीएम और वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजा जाएगा। जिस किसी ने भी यह कृत्य किया है, उसकी पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीएमओ ने इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सब हेल्थ वेलनेस सेंटर (एसडब्ल्यूसी) का बायोमेडिकल वेस्ट सिवनी भेजा जाता है, जहां एक अधिकृत एजेंसी द्वारा इसका वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट और निस्तारण होता है। सरकारी सिस्टम में इसका पूरा रिकॉर्ड रहता है। लेकिन सवाल प्राइवेट मेडिकल स्टोर और प्राइवेट क्लीनिकों पर उठ रहा है। उन्होंने कहा, अब इस मामले की गहराई से जांच की जाएगी कि क्षेत्र में जितने भी लोग मेडिकल क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, निजी अस्पताल, क्लीनिक और मेडिकल स्टोर चलाते हैं, क्या उनके पास बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट का लाइसेंस या किसी अधिकृत एजेंसी के साथ अनुबंध है या नहीं। अगर नहीं है तो वे अपना वेस्ट कहां फेंक रहे हैं। क्षेत्र भर में जो भी लोग खुले में बायोमेडिकल वेस्ट फेंक रहे हैं, उन पर बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के तहत कार्रवाई होगी। इस पूरे मामले को उजागर करने वाले शिकायतकर्ता जुनैद खान ने बताया कि जहां यह जहरीला कचरा फेंका गया है, वह कोई सुनसान जगह नहीं है। वह मॉयल विश्राम गृह और शक्ति माई मंदिर को जाने वाला आम रास्ता है। इस रास्ते से हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु, स्कूली बच्चे और ग्रामीणों की आवाजाही होती है। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है। हमने बीते दिनों ही प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर प्रशासन को अवगत करवाया था कि कटंगी और तिरोड़ी क्षेत्र के किसी भी निजी अस्पताल और कई सरकारी अस्पतालों में भी बायोमेडिकल वेस्ट को नष्ट करने के पर्याप्त बंदोबस्त नहीं हैं। बायोमेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे के साथ ही नदी-नालों और सड़कों किनारे फेंका जा रहा है, जिससे हेपेटाइटिस, एचआईवी जैसे संक्रमण फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है।